तुलसीदास का जन्मस्थान

चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश सरकार ने **चित्रकूट ज़िले के राजापुर गाँव** को विकसित करने का निर्णय लिया है।

- यह संत और कवि **गोस्वामी तुलसीदास** का **जन्मस्थान** है, जिन्होंने 16वीं शताब्दी में **रामचरितमानस** की रचना की थी।

मुख्य बिंदु:

- उत्तर प्रदेश के **पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह** ने रामचरितमानस के महत्त्व के साथ-साथ इसके लेखक पर भी ज़ोर दिया, जिनकी जन्मस्थली पर बड़ी संख्या में लोग पूजा करने आते हैं।
    - तुलसी रामायण का रामचरितमानस **अवधी भाषा में तुलसीदास द्वारा रचित महाकाव्य रामायण का पुनर्कथन है।**
- रामचरितमानस की डिजिटल उपलब्धता को सक्षम करने के लिये आवास और विभिन्न अन्य प्रावधानों सहित **पर्यटन सुविधाएँ विकसित की जाएंगी।**
    - 21 करोड़ की लागत से राजापुर गाँव में तुलसी स्मारक के पास करीब ढाई एकड़ क्षेत्र का सौंदर्यीकरण होगा।
- औषधीय पौधों वाला पार्क, छात्रावास, डिजिटल लाइब्रेरी और इंटरप्रटेशन सेंटर भी बनाया जाएगा।
- वर्तमान समय में **घरेलू पर्यटन के मामले में उत्तर प्रदेश देश में शीर्ष पर है।** प्रदेश में पर्यटक सुविधाओं का लगातार विकास किया जा रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/tulsidas-s-birthplace